भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.10.2025

आरेडिका में माँ दुर्गा का पूजा, दशहरा एवं रावण दहन संपन्न

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली के आवासीय परिसर में दिनांक 22.09.2025 से 02.10.2024 तक नवरात्रों के अवसर पर दुर्गा पूजा का उत्सव बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करके कारखाने के विकास एवं कॉलोनी में शान्ति के लिए मंगलकामना की।

इस अवसर पर माँ दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताएँ जैसे– डाण्डिया नृत्य, ढांक बंगाली नृत्य, रंगोली, पेंटिग, वाद्य यंत्र प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बाल नृत्य, महिला नृत्य का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया, एक ओर किसी ने नृत्य कला के माध्यम से दर्शकों को मोहित किया तो वहीं दूसरी ओर रंगोली एवं पेंटिग में भी बच्चों ने अपनी कल्पनाओं में रंग भर कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दिनांक 02.10.2025 को लोगों ने असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दशहरा का त्योहार मनाया एवं शाम को रावण दहन का कार्यक्रम सरस्वती प्रेक्षागृह के प्रांगण में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रविश कुमार ने कार्यक्रमें प्रतिभाग करने वाले बच्चों एवं महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किये तथा उनके साथ जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक एक्जीक्यूटिव इंजीनियर पंकज राय तथा माँ दुर्गा पूजा समिति के सदस्य नैब सिंह, आदित्य प्रकाश, अशीष श्रीवास्तव, महेश शर्मा, रोहित रंजन, सुमन मिश्रा, गुडडू कुमार, आदि उपस्थिति रहे एवं सभी ने मिलकर रावण दहन किया और श्रीराम के जयकारे लगाए। इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज के लोगों को एक दूसरे की संस्कृतियों का सम्मान करने का अवसर प्राप्त होता है।

03/10/2025

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी